Helpline 1064

94135-02834

कार्यालय महानिदेशक भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो

(जनसम्पर्क प्रकोष्ठ)

प्रेस नोट

- **डूंगरपुर में पुलिस कान्सटेबल 15 हजार रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार**

जयपुर, *17 मई, शुक्रवार।* ए.सी.बी. मुख्यालय के निर्देश पर उदयपुर इन्टे. इकाई द्वारा आज डूंगरपुर में कार्यवाही करते हुये **रोहित कुमार कानि. नम्बर 370 पुलिस थाना बिछीवाडा जिला डूंगरपुर** को परिवादी से **15 हजार रुपये** रिश्वत राशि लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के महानिदेशक पुलिस श्री डॉ. रवि प्रकाश मेहरड़ा ने बताया कि ए.सी.बी. की उदयपुर इन्टे. इकाई को परिवादी द्वारा शिकायत दी गई कि मैं पेट्रोल पम्प से डीजल खरीदकर मेरे गांव में बेचने का काम करता हूँ। मेरे द्वारा डीजल बेचान का काम करने की एवज में थानाधिकारी व वृत्ताधिकारी के नाम पर पुलिस थाना बिछीवाडा के कान्सटेबल रोहित कुमार द्वारा **15 हजार रूपये** रिश्वत राशि मांग कर परेशान किया जा रहा है।

जिस पर एसीबी जयपुर के **उप महानिरीक्षक पुलिस श्री रणधीर सिंह** के सुपरवीजन में एसीबी की उदयपुर इन्टे. इकाई की **पुलिस निरीक्षक डॉ. सोनू शेखावत** के नेतृत्व में शिकायत का सत्यापन किया जाकर आज मय टीम के डूंगरपुर में ट्रेप कार्यवाही करते हुए आरोपी रोहित कुमार कानि. नम्बर 370 पुलिस थाना बिछीवाडा जिला डूंगरपुर को परिवादी से **15 हजार रुपये** रिश्वत राशि लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया है।

एसीबी के उप महानिरीक्षक पुलिस श्री रणधीर सिंह के सुपरविजन में आरोपी से पूछताछ तथा कार्यवाही जारी है। एसीबी द्वारा मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अन्तर्गत प्रकरण दर्ज कर अग्रिम अनुसंधान किया जायेगा।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के महानिदेशक पुलिस श्री डॉ. रवि प्रकाश मेहरड़ा ने समस्त प्रदेशवासियों से अपील की है कि भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की ***टोल–फ्री हैल्पलाईन नं.*** **1064** *एवं* ***Whatsapp हैल्पलाईन नं.*** **94135–02834** पर 24X7 सम्पर्क कर भ्रष्टाचार के विरूद्ध अभियान में अपना महत्वपूर्ण योगदान दें। **एसीबी आपके वैध कार्य को करवाने में पूरी मदद करेगी।**